Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a by-pass road on the eastern side of Jahanabad city in Bihar -laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद (बिहार) में एन.एच. 83 मई गुमटी से पूरब कुमडीहा होते पिंजोरा रोड से कनक बिगहा नहर होते बरबरा एनएच 110 से पश्चिमी चमड़ी गोदाम ऐनमा मोड़ से अलगना होते पश्चिम एन एच 83 में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के पास मिल जाता है। जहानाबाद पूरब से बाइपास बनने पर जहानाबाद जिला का पूर्बी क्षेत्र, वाणावर, नालंदा जिला का बिहार शरीफ, पर्यटन स्थल नालंदा, राजगीर, पावापुरी, ककोलता, गया जिला का अतरी विधानसभा क्षेत्र इत्यादि स्थानों पर आने जाने में काफी सुविधा होगी। मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि लाखों लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जहानाबाद शहर के पूरब से होते हुए एक बाइपास पथ का निर्माण कराया जाए।